# श्री विचित्र कुमार सिन्हा सम्मान समारोह की प्रमुख झलकियां




















## मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा किया गया तालनगरी से खोकसर के मध्य बनने वाले मार्ग का निरीक्षण

### मनरेगा की पौधरोपण परियोजनाओं का भी किया निरीक्षण



नर्मदापुरम (निप्र)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम सोजान सिंह रावत द्वारा शुक्रवार को नर्मदापुरम जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तालनगरी का भ्रमण कर तालनगरी से खोकसर तक बन रहे मार्ग का निरीक्षण किया गया एवं मनरेगा अंतर्गत नर्मदा परिक्रमा पथ पर किये जा रहे पौधरोपण कार्यो का निरीक्षण भी किया गया। ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत तालनगरी से खोकसर के मध्य 2 किलोमीटर सड़क का निर्माण कराया जा रहा है यह मार्ग नर्मदा परिक्रमा पथ पर आता है जिस कारण इस मार्ग को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में आधुनिक तकनीक से बनाया जा रहा है जिससे मार्ग में पानी भरने पर पानी सड़क मे अवशोषित नहीं होगा एवं मार्ग की गुणवत्ता खराब नही होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नर्मदापुरम श्री रावत द्वारा मार्ग निर्माण के सभी मापदंडो डी पी आर के प्रावधानों की जानकारी महाप्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क से प्राप्त की गई एवं निर्देश दिये गए कि उक्त सड़क निर्माण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिए जाए। भ्रमण के दौरान सीईओ श्री रावत द्वारा मनरेगा योजना के तहत ग्राम पंचायत तालनगरी में नर्मदा पथ पर किये गए पौधरोपण का निरीक्षण किया गया एवं निर्देश दिए गए कि उक्त पथ पर सड़क किनारे पौधरोपण किया जाए एवं पूर्व में पौधरोपण की गयी परियोजना में जो भी पौधे मृत अथवा नष्ट हो गए हो तो वहा गेप फिलिंग कार्य किया जाए।भ्रमण के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत नर्मदापुरम हेमंत सूत्रकार, महाप्रबंधक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क मनोज चौधरी, सहायक यंत्री, उपयंत्री अदि उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अवसर पर स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता कार्यक्रम मनाया गया

नर्मदापुरम (निप्र)। अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के उपलक्ष्य में सहकारिता विभाग के निर्देश पर जिले भर में विभिन्न सहकारी सोसाइटीज और कार्यालयों में स्वभाव स्वच्छता संस्कार स्वच्छता और सहकारिता के प्रचार-प्रसार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। उपायुक्त सहकारिता कार्यालय, जिला सहकारी बैंक मुख्यालय एवं सभी सहकारी शाखाओं में कर्मचारियों ने मिलकर स्वच्छता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के अंतर्गत कर्मचारियों ने कार्यालयों और सहकारी सोसाइटीज में साफ-सफाई, रंग रोगन, रिकॉर्ड को व्यवस्थित करने और बस्तों में बांधने का कार्य किया। इसके अलावा, स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें सहकारी गीत गाकर लोगों को जागरूक किया गया।

## ग्राम परदिह में शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर पंचायत भवन निर्माण का मार्ग किया गया प्रशस्त

नर्मदापुरम ( निप्र)। ग्राम परदिह में शासकीय भूमि खसरा नंबर 78 का सीमांकन करने के उपरांत अवैध



कब्जा हटाकर नवीन पंचायत भवन के निर्माण का मार्ग प्रशस्त किया गया। तहसीलदार ग्रामीण के द्वारा गठित दल ने यह कार्रवाई की।गत दिवस राजस्व व पंचायत विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर भूमि का सीमांकन किया। इस दौरान ग्राम पंचायत सचिव एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में अतिक्रमण को हटाया गया। सीमांकन उपरांत सरहद निर्धारित कर चूना डाला गया और सभी को अवगत कराया गया। अतिक्रमण की स्थिति में महेंद्र डोंगरे पिता छोटेलाल डोंगरे द्वारा 8×10 फुट भूमि पर अस्थायी रूप से बागुड़ लगाई गई थी, जिसे हटाने की कार्यवाही की गई। महेंद्र डोंगरे ने प्रशासन को सहयोग करते हुए अपने सामान को हटाने की सहमति प्रदान की और इस संबंध में हस्ताक्षर भी किए। साथ ही, मौके पर रखे गोबर के कंडे एवं बबूल की लकड़ियों को भी हटा दिया गया।ग्राम विकास की ओर एक और कदमउल्लेखनीय है कि इस शासकीय भूमि पर ग्राम पंचायत का नवीन भवन निर्मित किया जाना है, जिससे ग्राम वासियों को प्रशासनिक कार्यों में सुविधा मिलेगी।

## घरेलू हिंसा से पीड़िता के लिए सहायता योजना पर कार्यशाला का आयोजन किया गया

### महिलाओं को संरक्षण अधिनियम के संबंध में दी गई आवश्यक जानकारी



नर्मदापुरम (निप्र)। महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार, कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के मार्गदर्शन में घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए सहायता योजना, वन स्टॉप सेंटर (सखी), और घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 पर एक दिवसीय कार्यशाला/सेमिनार का आयोजन जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के समन्वय से 14 फरवरी 2025 को किया गया।कार्यशाला में माननीय प्रधान न्यायधीश कुटुम्ब न्यायालय श्री दीपक गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्रीमती अंकिता शांडिल्य, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ललित कुमार डेहरिया, परियोजना अधिकारी, वरिष्ठ पर्यवेक्षक, विधि सह परीवीक्षा अधिकारी, प्रशासक वन स्टॉप सेंटर, परामर्शदाता और स्वाधार गृह संचालिका सहित अन्य प्रमुख अधिकारीगण उपस्थित रहे।

कार्यशाला में आशु पटेल, विधि सह परीवीक्षा अधिकारी जिला नर्मदापुरम ने घरेलू हिंसा से महिलाओं के संरक्षण अधिनियम 2005 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही म.प्र. शासन द्वारा घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं के लिए संचालित सहायता योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई।श्रीमती अंकिता शांडिल्य ने बताया कि विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से घरेलू हिंसा से पीड़ित महिलाओं को नि:शुल्क विधिक सेवा और परामर्श सेवाएं प्रदान की जाती हैं। कार्यशाला के दौरान माननीय प्रधान न्यायाधीश श्री दीपक गुप्ता ने घरेलू हिंसा और पारिवारिक विवादों के मामलों में संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के लिए उपस्थित सभी को समझाया। श्रीमती प्रतिभा वाजपेयी ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से उपलब्ध करवाई जाने वाली सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इन सेवाओं में आश्रय, पुलिस सहायता, विधिक सहायता, चिकित्सा सहायता और परामर्श सेवाएं शामिल हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के दस वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

नर्मदापुरम (निप्र)। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के संचालन के दस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर वन स्टॉप सेंटर द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय नर्मदापुरम में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित कुमार डेहरिया और सहसंचालक व्ही पी गौर के मार्गदर्शन में किया गया।

## खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन और भंडारण के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही

### खनिज एवं परिवहन विभाग की संयुक्त टीम ने 06 डंफरो को किया जब्त



नर्मदापुरम ( निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के खिलाफ संपूर्ण जिले में संयुक्त कार्यवाही की जा रही है।आर.टी.ओ. और खनिज विभाग नर्मदापुरम द्वारा बानापुरा सिवनीमालवा, तहसील सिवनीमालवा में छापेमारी की गई। इस दौरान 06 डंपर क्रमांक MP47ZD6777 ,MP10ZE9993 ,MP09HJ2089,MP47G0473,MP47ZD1026 MP47ZC5783 को रेत खनिज का ओवरलोड परिवहन करते हुए पकड़ा गया। इन डंपरों को तत्काल जब्त कर पुलिस थाना सिवनीमालवा, तहसील सिवनीमालवा की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है।इस कार्यवाही में जिला खनिज अधिकारी दिवेश मरकाम, , क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती निशा चौहान, खनिज निरीक्षक पिंकी चौहान, प्र0 खनि निरीक्षक कृष्णकांत सिंह परस्ते, और होमगार्ड बल उपस्थित थे। जप्त किए गए वाहनों के खिलाफ मध्यप्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत कार्यवाही की जा रही है। इस संयुक्त कार्रवाई के दौरान जांच टीमें लगातार सिवनीमालवा, पगड़ाल, बाबरी, धरमकुंडी और अन्य स्थानों पर गस्त करती रही। यह कार्रवाई देर रात तक जारी रही, जिसमें 6 ओवरलोड डंपर जप्त किए गए, जो नर्मदापुरम जिले से रेत का अवैध परिवहन कर रहे थे और इसे हरदा, खंडवा, खरगौन और इंदौर जैसे जिलों में भेजा जा रहा था। सभी डंपरों को सिवनीमालवा थाने में खड़ा कर दिया गया है, और आगामी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## पूर्व सैनिकों/विधवाओं एवं उनके आश्रितों का मासिक सैनिक सम्मेलन 25 फरवरी को

नर्मदापुरम (निप्र)। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, नर्मदापुरम में 25 फरवरी 2025 को प्रात: 11 बजे सैनिक विश्राम गृह भवन में मासिक सैनिक सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का आयोजन जिला सैनिक कल्याण अधिकारी, कमांडर अनुराग सक्सेना की अध्यक्षता में किया जाएगा।जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने जिले के समस्त पूर्व सैनिकों, विधवाओं एवं उनके आश्रितों से अनुरोध किया है कि वे इस सम्मेलन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें और अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त करें। यह सम्मेलन विशेष रूप से पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों के कल्याण हेतु आयोजित किया जाता है, ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके और उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके।

## दस्तक अभियान के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला हुई

### सात ग्राम से कम हीमोग्लोबिन होने पर बच्चों को रेफर करने के दिए निर्देश

नर्मदापुरम ( निप्र)। जिले में दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 18 फरवरी से 18 मार्च तक चलाया जाएगा। दस्तक अभियान के तहत 9 माह से 5 वर्षीय समस्त बच्चों को टीकाकरण दिवस के दौरान विटामिन-ए का अनुपूरण एएनएम की निगरानी में आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता द्वारा कराया जाएगा। साथ ही दस्तक अभियान के प्रथम चरण में 50354 चिन्हित 6 माह से 5 वर्षीय एनीमिक बच्चे (अल्प, मध्यम एवं गंभीर बच्चे) का एनीमिया फॉलोअप किया जाएगा।जिसमें हीमोग्लोबिन मीटर से जांच एवं यथोचित उपचार किया जाएगा। इस दौरान 7 ग्राम या उससे कम हीमोग्लोबिन होने पर बच्चे को सेक्टर या विकासखंड स्तर पर भेजा जाएगा। इसी क्रम में दस्तक अभियान को लेकर जिला प्रशिक्षण केंद्र में सीएमएचओ डॉ दिनेश देहलवार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यशाला हुई जिसमें डीआईओ डॉ आर के वर्मा, एम्स से मनोज चौहान, एमएंडई, डीपीएम, समस्त बीएमओ, डीसीएम, बीपीएम,



बीसीएम के साथ महिला बाल विकास से समस्त सीडीपीओ, जिला मीडिया प्रभारी उपस्थित रहे। सीएमएचओ ने बताया कि आशा कार्यकर्ता द्वारा सर्वे करने के बाद सर्वे सूची को डिजिटलाइज किया जाएगा, साथ ही बीएमओ को निर्देश दिए गए कि इस ड्यू लिस्ट की हार्ड कॉपी एएनएम को देवें, जिसमें बच्चे की जन्मतिथि भी अंकित हो। एएनएम को ड्यूलिस्ट के साथ आवश्यक मेडिसिन, उपकरण 15 फरवरी तक दिलवा दिया जाए। बच्चों का हीमोग्लोबिन 7gm से कम होने पर उन्हें सीएचसी या पीएचसी स्तर पर रेफर किया जाए। और यदि बच्चा गंभीर एनीमिया ग्रसित होने के साथ-साथ सेम भी है तब ऐसी स्थिति में एनआरसी में एडमिट कराया जाए। आईईसी गतिविधियों के लिए ग्राम विजिट के दौरान पंपलेट भी दिए जाएंगे जिसमें सामान्य एवं सरलीकृत भाषा में विटामिन ए के संबंध में जानकारी हो जैसे विटामिन ए से क्या लाभ है एवं इसकी कमी से क्या शरीर में लक्षण आते है, बचाव के लिए खान पान में क्या क्या शामिल किया जाए।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com